# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-8 (सप्ताह-9)

**प्रश्नों की कुल संख्या-40** **समय- लगभग 90 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम- ........................................................................ शाला उपस्थिति पंजी क्र.- ..............**

**शाला का नाम- ........................................................वि.ख. - ......................... जिला- ....................**

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**( टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें )**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यतः पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 40 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग-1: हिन्दी प्रश्न 1-10

   भाग-2: गणित प्रश्न 1-10

   भाग-3: विज्ञान प्रश्न 1-10

- भाग-4: सामाजिक विज्ञान प्रश्न 1-10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : दी गई प्रसिद्ध व आयुर्वेदिक दवाओं की तालिका के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

**आयुर्वेदिक - औषधियों की सूची**

| स.क्र. | आयुर्वेदिक दवा | प्रकार | गुण | सावधानी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमृतारिष्ट | अरिष्ट | पाचक | चिकित्सक के परामर्श पर |
| 2. | लौहासव | आसव | रक्ताल्पता दूर करता है | चिकित्सक के परामर्श पर |
| 3. | व्योषादि वटी | वटी | खाँसी में लाभदायक | चिकित्सक के परामर्श पर |
| 4. | अभ्रक भस्म | भस्म | श्वांस-कास में उपयोगी | चिकित्सक के परामर्श पर |
| 5. | अश्वगंधाा चूर्ण | चूर्ण | बलबर्धक | चिकित्सक के परामर्श पर |
| 6. | च्यवनप्राश | अवलेह | रोगप्रतिरोधक | चिकित्सक के परामर्श पर |
| 7. | द्राक्षासव | आसव | कब्जियत, कफ में उपयोगी | चिकित्सक के परामर्श पर |

प्र.1 किसी भी दवा का प्रयोग करने के पहले कौन-सी सावधानी बरतनी चाहिए?

(A) मित्रों से उसके बारे में पता करना चाहिए।

(B) चिकित्सक (डॉक्टर) से परामर्श करना चाहिए।

(C) कहीं से पढ़कर स्वयं ले लेना चाहिए।

(D) दवा विक्रेता से पूछ कर लेनी चाहिए।

प्र.2 तालिका के अनुसार दवाओं को कितनी श्रेणियों में बाँटा गया है?

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

प्र.3 तालिका के अनुसार वे दो औषधियाँ कौन सी हैं जो श्वांस से जुड़े रोगों में उपयोगी हैं?

(A) अमृतारिष्ट - अश्वगंधा (B) अश्वगंधा-लौहासव

(C) व्योषादिवटी - अभ्रक भस्म (D) च्यवनप्राश-लौहासव

प्र.4 तालिका में ताकत बढ़ाने और पाचन के लिए कौन-सी औषधियाँ दी गई हैं। सही क्रमांक लिखिए।

(i) लौहासव (ii) अमृतारिष्ट (iii) च्यवनप्राश

(iv) अभ्रक भस्म (v) द्राक्षासव (vi) अश्वगंधा चूर्ण

(A) (i) एवं (v) (B) (ii) एवं (vi)

(C) (iv) एवं (v) (D) (v) एवं (vi)

प्र.5 किस शब्द को दीर्घ स्वर संधि की श्रेणी में रखेंगे।

(A) अभ्रक (B) अश्वगंधा

(C) च्यवन प्राश (D) लौहासव

**निर्देश- पोस्टर देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए**



प्र.6 पर्यावरण संरक्षण किससे जुड़ा हुआ है?

(A) जीव जन्तु से (B) वनस्पति से

(C) मनुष्य से (D) प्रकृति से

प्र.7 प्रकृति से जितना हम लेंगे उसका दुगना हम वापस भी करेंगे। क्योंकि-

(A) प्रकृति हमसे दुगुना करके वापस माँगती है।,

(B) दुगुना वापस देने पर प्राकृतिक संतुलन बनता है

(C) इससे प्रकृति समर्थ और दुनिया जीने योग्य बनेगी

(D) इससे प्रकृति हमारा उपकार मानेगी

प्र.8 विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का क्या कारण है?

(A) प्रकृति के प्रति असंवेदनशीलता (B) प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता

(C) प्रकृति को नष्ट करना (D) प्रकृति से लेने का भाव जाग्रत करना

प्र.9 पोस्टर में दिया गया चित्र किस बात का प्रतीक है?

(A) प्रकृति मिटाने का (B) प्रकृति बचाने का

(C) प्रकृति से लेने का (D) प्रकृति को देने का

प्र.10 विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं-

(A) केवल राज्य में (B) केवल जिले में

(C) केवल देश में (D) पूरे विश्व में

## भाग-2 : गणित

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए**

प्र.1 निम्न में से किस संख्या में 5 से भाग देने पर शेषफल प्राप्त नहीं होगा?

(A) 23624 (B) 18760

(C) 26443 (D) 20252

प्र.2 संख्या [8 | 7 |   | 4 | 5], 9 से पूर्णतः विभाजित है तो खाली बाक्स में कौन-सा अंक होगा?

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 7

प्र.3 निम्न संख्याओं में से कौन-सी संख्या 4 तथा 11 दोनों से विभाजित हैं?

(A) 947884 (B) 894652

(C) 561724 (D) 257462

प्र.4 संख्या [9 | 7 | 2 | 4 |   ] में इकाई के स्थान पर कौन-सा अंक लेने पर बनने वाली 5 अंकीय संख्या 6 से पूर्णतः विभाजित होगी?

(A) 2 (B) 4

(C) 5 (D) 6

प्र.5 निम्न में से कौन-सी संख्या 8 से तो विभाजित है परन्तु 6 से विभाजित नहीं है-

(A) 56916 (B) 14216 (C) 24060 (D) 17652

प्र.6 संख्या 8472 व 6516 का योग निम्न में से किस अंक से विभाजित नहीं है।

(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 5

प्र.7 3,6,9 तथा 15 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी पूर्ण वर्ग संख्या है।

(A) 999 (B) 900 (C) 810 (D) 100

प्र.8 निम्न संख्याओं में से कौन-सी संख्या 3 व 4 दोनों से विभाजित है?

(A) 82124 (B) 56712 (C) 33414 (D) 57622

प्र.9 किसी समांतर चतुर्भुज के दो आसन्न कोण 4 : 5 के अनुपात में हैं। उनकी माप क्या होगी?

(A) $60^0$, $120^0$ (B) $80^0$, $100^0$ (C) $30^0$, $150^0$ (D) $70^0$, $110^0$

प्र.10 यदि किसी समांतर चतुर्भुज के दो आसन्न कोण $(5x-5)$ और $(10x+35)^0$ हैं तो इन कोणों का अनुपात कितना होगा?3

(A) 1 : 2 (B) 2 : 3 (C) 1 : 3 (D) 1 : 4

## भाग-3 : विज्ञान

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 एक वस्तु से दूसरी वस्तु पर विद्युत आवेश को स्थानांतरित करना है इसके लिए दोनों वस्तुओं को संयोजन किया जाना चाहिए -

(A) सूती धागे से (B) प्लास्टिक की डोरी से

(C) ताँबे के तार से (D) रबड़ के छल्ले से

प्र.2 क्या होता है जब जल वाष्प बनती है और बारिश की बूदों के रूप में तरल में बदल जाती है -

(A) गर्मी अवशोषित होती है (B) गर्मी छोड़ी जाती है

(C) गर्मी पहले अवशोषित होती है और छोड़ी जाती है

(D) गर्मी पहले छोड़ी जाती है फिर अवशोषित होती है

प्र.3 निम्नलिखित में से कौन सी घटना भूंकप का कारण बन सकती है ?

(i) पृथ्वी की प्लेटें (ii) ज्वालामुखी विस्फोट (iii) भूमिगत परमाणु विस्फोट

(A) केवल (i) एवं (ii) (B) केवल(ii) और (iii)

(C) केवल (i)और (iii) (D) केवल (i), (ii) और (iii)

प्र.4 कुछ माध्यमों की सूची नीचे दी गई है – (i) लकड़ी (ii) जल (iii) वायु (iv) निर्वात
इनमें से किन माध्यमों में ध्वनि गमन कर सकती है ?

(A) केवल (i) तथा (ii) (B)केवल (i), (ii) और (iii)


(C) केवल (iii) तथा (iv) (D) केवल (ii), (iii) और (iv)

प्र.5 X एक भौतिक इकाई है, जो किन्हीं दो सतहों के बीच स्नेहक के प्रयोग से घट जाती है। X किसको प्रदर्शित करती है –

(A) ताप (B) दाब

(C) घर्षण (D) गुरुत्व

प्र.6 चित्र में एक लड़के को किसी संदूक को दहिनी ओर से बायीं ओर धकेलते हुए दिखाया गया है। संदूक पर घर्षण बल कार्य करने की दिशा होगी –



(A) दाहिनी ओर से बायी ओर (←) (B) बायी ओर से दाहिनी ओर (→)

(C) ऊपर से नीचे की ओर (↑) (D) नीचे से ऊपर की ओर (↓)

प्र.7 जब दो वस्तुएं (जो एक दूसरे के संपर्क में हैं) एक दूसरे के सापेक्ष गति करे। गति करने की प्रवृत्ति रखें तो घर्षण बल तभी कार्य करता है –

(A) दोनों वस्तुएँ ठोस हो।

(B) एक वस्तु ठोस हो तथा दूसरी द्रव है।

(C) एक वस्तु ठोस हो तथा दूसरी वस्तु गैस हो।

(D) वस्तु की ठोस, द्रव, गैस अवस्था पर निर्भर नहीं करता।

प्र.8 ध्रुव तारा सभी मौसमों में स्थिर क्यों दिखाई देता है ?

(A) यह अपनी धुरी पर धूमता नहीं है।

(B) यह भूमध्य रेखीय अक्ष पर स्थित होता है।

(C) यह पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव की अक्ष पर स्थित होता है।

(D) यह सभी तारों में सबसे दूर है।

प्र.9 मान लीजिए पृथ्वी तथा मंगल के बीच में एक नया ग्रह खोजा गया है इसका आवर्तकाल होगा –

(A) मंगल के आवर्तकाल की अपेक्षा कम

(B) मंगल के आवर्तकाल की अपेक्षा अधिक

(C) पृथ्वी एवं मंगल के आवर्तकाल के बराबर

(D) पृथ्वी एवं मंगल के आवर्तकाल की अपेक्षा कम

प्र.10

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| (a) | बी.सी.जी. | (i) | डिफ्थीरिया, काली खाँसी से रोकथाम |
| (b) | ओ पी वी (पोलियो ड्राप) | (ii) | खसरा और रूबेला रोग की रोकथाम |
| (c) | खसरा / एम आर | (iii) | T.B. से रोकथाम |
| (b) | डी पी टी | (iv) | पोलियों रोग की रोकथाम |

उपरोक्त तालिका का सही मिलान करिए –

(A) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), d-(iv) (B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), d-(i)

(C) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), d-(ii) (D) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(ii), d-(iii)

## भाग-4 : सामाजिक विज्ञान

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 भारत की स्वतंत्रता की कल्पना के साथ सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय ध्वज किसने फहराया–

(A) मेडम भीकाजी कामा (B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(C) आनंद चाटलू (D) रमेश चन्द्र दत्त

प्र.2 गांधी जी द्वारा 'दाण्डी यात्रा' करने का प्रमुख उद्देश्य था –

(A) नमक कानून भंग करना

(B) नमक कानून का पालन करना

(C) ब्रिटिश नमक कानून का प्रचार करना

(D) जनता को कम नमक उपयोग के लिए प्रेरित करना

प्र.3 रौलेट एक्ट' लागू करने का उद्देश्य था।

(A) राष्ट्रीय भावना को मजबूत करना। (B) लोगों को संगठित करना।

(C) राष्ट्रीय भावना को कमजोर करना। (D) राष्ट्रीय भावना का विकास करना।

प्र.4 अधिकांश विनाशकारी भूकम्पों का मुख्य कारण होता है–

(A) भू–परिभ्रमण (B) भूपर्पटी की परतों का समायोजन

(C) पृथ्वीं की प्लेटों का टकराव (D) ज्वालामुखी उद्‌गार

प्र.5 खुदाई के दौरान चट्‌टानों में जानवरों, वनस्पतियों तथा सूक्ष्म जीवों के अवशेष प्राप्त होते है इससे किस चट्‌टान का पता चलता है ।

(A) आग्नेय (B) अवसादी

(C) कायान्तरित (D) अधिवितलीय

प्र.6 यदि आपके खेत में पहले की तुलना में कम उत्पादन होने लगे तो आपके खेत में किस चीज की कमी है–

(A) मूल चट्‌टानी पदार्थ (B) ह्यूमस

(C) जल (D) सूरज की रोशनी

प्र.7 जन साक्षरता कार्यक्रम किसके लिए चलाया जा रहा है –

(A) 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे (B) 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर

(C) निरक्षर महिलाओं के लिए (D) निरक्षर वृद्ध जनों के लिए

प्र.8 द्वीपीय महाद्वीप है–

(A) अफ्रीका (B) आस्ट्रेलिया

(C) अल्जीरिया (D) यूरोप

प्र.9 अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय किसके मध्य हुए विवादों का निर्णय करता है –

(A) गैर सदस्यों के मध्य विवाद (B) विश्व के सभी राष्ट्रों के मध्य विवाद

(C) सदस्य राष्ट्रों के मध्य विवाद (D) किसी देश के दो प्रदेशों के मध्य विवाद

प्र.10 निम्न में से कौन सी सामाजिक समस्या नहीं है –

(A) बालश्रम (B) शिक्षा का अभाव

(C) महिला रोजगार (D) नशीले पदार्थों का सेवन

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-8 सप्ताह-9 )

| हिन्दी | | गणित | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 में से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | गणित | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
|---|---|---|---|
| | | | |